प्रादेशिक समाचार

दिनांक–26.11.2024 (दोपहर–1455 बजे)

मुख्य समाचार

राष्ट्र आज संविधान अंगीकार किए जाने की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। संविधान दिवस के अवसर पर आज दिल्ली में संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान की थीम पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के दोनों सदनों को संबोधित किया। अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि संविधान हमारे देश का सबसे पवित्र ग्रंथ है और भारत, लोकतंत्र की जननी है। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान प्रगतिशील और समावेशी है।

****************

आज ही के दिन संविधान को अंगीकार किया गया था। केन्द्र सरकार ने इस अवसर पर आज से एक वर्ष तक चलने वाले समारोह की शुरूआत की है। यह समारोह 26 नवम्बर, 2025 तक देशभर में आयोजित किए जाएंगे। राज्य में भी संविधान दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है । जहां लोगों ने संविधान की रक्षा का संकल्प लिया।

****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सर्वोच्च न्यायालय में सविधान दिवस समारोह में शामिल होंगे। इस अवसर पर वे कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय द्वारा किया जा रहा है। श्री मोदी न्यायपालिका की वार्षिक रिपोर्ट भी जारी करेंगे।

****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि संविधान राष्ट्र का मार्गदर्शक है। श्री मोदी ने कहा कि भारतीय संविधान देश की हजारों वर्षों की परंपरा की आधुनिक अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि आज देश अपनी पूरी क्षमता के साथ आगे बढ़ते हुए अपनी विविधता पर गर्व कर रहा है।

****************

राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी समस्त देशवासियों को राष्ट्रीय संविधान दिवस की हार्दिक बधाई दी है।

****************

राज्य में नई सरकार गठन को लेकर राजनीतिक सरगमी बढ़ गई है। मंत्रिमंडल का खाका तय करने को लेकर विचार–विमर्श का दौर जारी है। मंत्रियों के नाम तय करने के लिए इंडी गठबंधन के घटक दलों के प्रभारी अपने–अपने हाईकमान के साथ राय–मशवरा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिल्ली दौरे पर हैं जहां कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत इंडिया ब्लॉक के कई शीर्ष नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे। सूत्रों के अुनसार इस दौरान इंडी गठबंधन की सरकार के भावी स्वरूप और कांग्रेस की हिस्सेदारी को लेकर भी मंथन करेंगे। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार झामुमो के हिस्से में मुख्यमंत्री समेत छह मंत्री, कांग्रेस के चार मंत्री और राजद के एक मंत्री हो सकते हैं। माले की ओर से मंत्री पद की मांग पर गठबंधन सकारात्मक रुख अपना सकता है और उन्हें एक पद दिया जा सकता है।

****************

झारखंड विधानसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा के लिए भारतीय जनता पार्टी ने 30 नवंबर और 1 दिसंबर को प्रदेश कार्यालय में बड़ी बैठकों का आयोजन किया है । शनिवार को कुल तीन महत्वपूर्ण बैठकें होंगी। इन बैठकों में प्रत्याशी , विधानसभा के प्रभारी और कोर कमेटी चुनाव समिति के सभी सदस्यों की उपस्थिति रहेगी। जबकि 1 दिसंबर को होने वाली बैठक में जिला अध्यक्ष जिला प्रभारी और प्रमंडल प्रभारी मौजूद रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष और संगठन महामंत्री की अध्यक्षता में बैठक होगी, जिसमें झारखंड विधानसभा चुनाव में मिले हार की समीक्षा होगी।

****************

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने आयकर विभाग की पैन परियोजना के दूसरे चरण को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना पर 1 हजार 435 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी

वैष्णव ने कहा कि इस चरण में पूरे मौजूदा तंत्र को संवर्धित किया जाएगा और पोर्टल को एकीकृत किया जाएगा।

******समाप्त*******